आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 29.03.2020

आरेडिका कोविड समन्वय कण्ट्रोल ने किये बेहतर निगरानी और नियंत्रण के लिए उपाय

सरकार द्वारा घेषित 21 दिनों के लॉकडाउन के बाद आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना ने उत्पादन को पूर्णतः बंद कर दिया है। परन्तु यहाँ काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के लगभग लगभग 1800 परिवार आरेडिका की आवासीय कॉलोनी "प्रशांति परिसर" में रहते हैं। यह कॉलोनी वर्तमान में लगभग 4500–5000 व्यक्तियों का आशियाना है।

आवश्यक सेवाओं को जारी रखने के लिए आरेडिका प्रशासन ने कर्मचारियों को चिन्हित कर उनका रोस्टर बनाया है। यह रोस्टर संविदा कर्मचारियों के लिए भी बनाया गया है। सभी आवास और फैक्ट्री को विद्युत सप्लाई प्रदान करने के लिए मुख्य विद्युत सब स्टेशन फैक्टी परिसर में स्थित हैं। इसके अलावा सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्र, वाटर ट्रीटमेंट संयंत्र और शॉपिंग कम्प्लेक्स भी लगातार व्यवस्था बनाये रखने के लिए काम कर रहे है। साथ ही सुरक्षा प्रबंधन और चिकित्सकीय सेवाएं भी अनवरत जारी है।

चूँकि सभी प्रशासनिक भवन और कार्यालय सामान्यतः बंद है और केवल आकस्मिक परिस्थिति में ही खोले जा सकते हैं, आरेडिका प्रशासन नें समन्वय हेतु सेंट्रल कण्ट्रोल स्थापित किया है। उप महाप्रबंधक/सामान्य के निर्देशन में यह कण्ट्रोल प्रतिदिन आरेडिका में होने वाली कोविड सम्बंधी गतिविधियों पर निगरानी रख रहा है।

समन्वय कण्ट्रोल के अलावा हॉस्पिटल तथा आवश्यक सेवाएं जैसे बिजली, पानी, दूरसंचार, सुरक्षा के संबंधित विभाग भी राउंड द क्लॉक कण्ट्रोल का संचालन कर रहे है। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के नेतृत्व में समन्वय कण्ट्रोल निरंतर सभी हितधारकों से संवाद स्थापित कर संकलित दैनिक रिपोर्ट महाप्रबंधक के अवलोकन के लिए ई–मेल द्वारा जानकारी प्रदान कर रहा है।

महाप्रबंधक ने कहा कि समन्वय कण्ट्रोल सुचारू रूप से काम करे इसके लिए आरेडिका के सभी विभागों का सहयोग एवं योगदान आवश्यक है। इसी क्रम में सामान्य प्रशासन विभाग के अलावा उत्पादन, भण्डार, गुणवत्ता, संयंत्र, नियोजन एवं अभिकल्प से एक पर्यवेक्षक को कण्ट्रोल ड्यूटी के लिए लगाया गया है।कण्ट्रोल रूम में सोशल डिसटेंसिंग का अनुपालन करते हुए प्रति शिफ्ट (6 घंटे) में एक साथ केवल 2 कर्मचारी लगाये गए हैं।

सचिव महाप्रबन्धक
SECRETARY TO GM
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI